**UPSI180006062026**

# न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद-सीतापुर।

**दीवानी वाद सं०-83/2026**

**लल्ली बनाम राजाराम आदि।**

| | |
|---|---|
| **वाद की प्रकृति** | **स्थायी निषेधाज्ञा** |
| **वाद का मूल्यांकन** | **2120.25 रुपये** |
| **अधिवक्ता का नाम** | **श्री मो० रिजवान खान** |
| **वाद प्रस्तुत किये जाने की तिथि** | **31.03.2026** |

-------------------------------------------

यह वाद-पत्र वादिनी द्वारा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा उसके विद्वान अधिवक्ता श्री मो० रिजवान खान द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्यानुसार वाद न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है, तद्नुसार न्यायशुल्क अदा है। अतः वाद मूलवाद के रूप में दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/दाखिल लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनांक-04.05.2026 को पेश हो।

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
**J.O.Code-UP3474**

**निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2**

वादिनी द्वारा प्रार्थना-पत्र 6ग2 मय शपथ-पत्र 7ग2 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत कर वादभूमि गाटा संख्या-44 रकबा 1.560हे० जिसकी चौहद्दी पूरब-खेत मैकू, पश्चिम-डामर रोड, उत्तर-खेत शत्रोहन, दक्षिण-खड़न्जा मार्ग, स्थित ग्राम ऐबापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर जिसे नक्शा-नजरी में अक्षर क,ख,ग,घ, से प्रदर्शित किया गया है, के किसी भी अंश पर कब्जा करने व किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने व वादभूमि पर लगी गेहूँ की फसल को काटने से प्रतिवादीगण को मना किये जाने की याचना की गयी है।

वादिनी की ओर से अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी सूची सबूत कागज संख्या-8ग1 से एक किता उद्धरण खतौनी नकल गाटा संख्या-44 स्थित ग्राम ऐबापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर कागज संख्या-9ग1, एक किता खसरा नकल गाटा संख्या-44 स्थित ग्राम ऐबापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर कागज संख्या-10ग1 एवं एक किता वादीय आधार कार्ड की छायाप्रति कागज संख्या-11ग1 दाखिल पत्रावली की गयी है।

**कार्यालय की आख्यानुसार प्रस्तुत मामले में कैबिएट दाखिल नहीं है।**

अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना प्रतिवादीगण को सुने प्रार्थना-पत्र 6ग2 पर कोई भी आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। प्रतिवादीगण को नोटिस दिनांक-04.05.2026 हेतु जारी हो। वादिनी आवश्यक पैरवी करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनांक-04.05.2026 को पेश हो।

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
**J.O.Code-UP3474**

विजय मौर्य
(स्टेनो)

Digitally signed by ROHIT PURI
Date: 2026.03.31 17:34:41 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge(J.D)/J.M. Mahmoodabad, Sitapur.